**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**11.12.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2538 का उत्तर**

**रेलवे स्टेशनों पर वाई-फाई सेवाएं**

**2538. श्री अजय कुमार मंडल:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) भागलपुर संसदीय क्षेत्र सहित मालदा और सोनपुर रेल मंडलों में इस समय कितने रेलवे स्टेशनों पर इंटरनेट और वाई-फाई सेवाएं उपलब्ध हैं;**

**(ख) क्या रेलटेल का प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम वाणी) परियोजना के तहत दूरदराज के गांवों में ब्रॉडबैंड और वाई-फाई सुविधाएं प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ग) क्या रेलटेल के पास गांवों में अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए बुनियादी ढांचा और उपकरण हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(घ) उक्त प्रस्ताव को कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (घ): वर्तमान में, मालदा मंडल के 67 स्टेशन और सोनपुर मंडल के 67 स्टेशन सहित भारतीय रेल के 6112 रेलवे स्टेशनों पर इंटरनेट और वाई-फाई सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। भागलपुर संसदीय क्षेत्र मालदा और सोनपुर मंडल के अंतर्गत आता है।**

**रेलटेल की ब्रॉडबैंड सेवा-रेलवायर पूरे भारत में स्थान की व्यवहार्यता के अध्यधीन ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने के लिए एक सहयोगी मॉडल है। वर्तमान में, रेलटेल 17000 से अधिक गांवों में ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान कर रहा है और इस मॉडल के अंतर्गत 3.26 लाख ग्रामीण ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रहा है।**

*****